NT>

Title: Need to increase the relay capacity of Doordarshan at Urai, U.P.

श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन): सभापति महोदय, मेरे लोक सभा क्षेत्र के अंतर्गत जनपद जालौन (उ.प्र.) में जिला मुख्यालय उरई में दूरदर्शन केन्द्र स्थापित ह। उसकी जितनी क्षमता है वह उतनी दूरी पर भी काम नहीं कर रहा है। मेरे जिले की भौगोलिक स्थिति उरई नगर से चारों ओर ६० कि.मी. है। वर्तमान में जो केन्द्र बना है उसमें मेरे क्षेत्र के लोगों को टेलीविज़न की सुविधा मात्र उरई नगर को ही प्राप्त होती है।

मेरा आपसे अनुरोध है कि इल दूरदर्शन की रिले क्षमता ५-६० कि.मी. बढ़ाने का कष्ट करें जिससे क्षेत्र की जनता लाभान्वित हो सके।